हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 7 फरवरी 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री



2 दर्रीटोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं, ग्रामीण परेशान

# शहर के बीच दो राउंड हवाई फायरिंग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शुक्रवार की देर शाम शहर के बीचो बीच गोली चलने की सूचना से हड़कंप मच गया है। गोली देव होटल के समीप चलाई गई है। गोली चलने की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। हालांकि अब तक गोली चलाए जाने की पुष्टि अधिकारियों ने नहीं की है लेकिन अधिकारी इससे इनकार भी नहीं कर रहे है और जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही गई है।

- जांच में जुटी पुलिस, अधिकारी कर रहे इनकार लेकिन जांच जारी



बताया जा रहा है कि शुक्रवार कि देर शाम देव होटल के बाहर अचानक ही दो राउंड गोली चलने की आवाज आई। इस दौरान मौके पर लोग मौजूद थे। गोली चलने की सूचना मिलने के बाद इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली, गांधीनगर की पुलिस टीम, एएसपी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। इस दौरान स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर में गोली चली है लेकिन गोली किसने चलाई और किस तरफ चलाई इसकी पुष्टि नहीं हुई है। गनीमत यह रही की इस हवाई फायरिंग से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। गोली 12 बोर के रायफल से चलाए जाने की बात भी कही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधिकारी गोली चलने की बात से इनकार कर रहे है। पुलिस का कहना है कि पुराने विवाद को लेकर हनी सिंह नामक युवक का कुछ लोग बनारस रोड में पीछा कर रहे थे और उसके बाद हनी सिंह अपने होटल में आ गया लेकिन गोली कब और किसने चलाई इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारी अब शिकायत के आधार पर गन को जब्त कर उसकी जांच कराए जाने की बात कह रहे है ताकि वस्तु स्थिति स्पष्ट हो सके।

## चल रही है जांच

गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जांच की गई है और अब तक कोई सबूत नहीं मिले है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं कार से पीछा किए जाने के मामले में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी सरगुजा

## खबर संक्षेप

### सियान सदन पेंशनर्स समाज की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक 7 फरवरी को सियान सदन भवन में सायं 3.30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनर्स की लंबित महंगाई राहत का ओदश जारी नहीं किए जाने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल



**बलरामपुर।** बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम सिन्दूर निवासी 18 वर्षीय मंगलेश्वर सिंह आ. उजीत सिंह अपने दोस्त 18 वर्षीय चंद्रकांत सिंह के साथ वैवाहिक कार्ड बांटने के लिए ग्राम अमडंडा रिश्तेदार के घर गया हुआ था। कार्ड बांटकर दोनों युवक देर शाम वापस ग्राम सिन्दूर लौट रहे थे इस दौरान बाइक सवार दो युवकों से उनकी भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालाक मंगलेश्वर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे बाइक सवार दो अन्य लोग भी घायल हुए है। घायलों में दो युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि चंद्रकांत का उपचार बलरामपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक मंगलेश्वर ने हेलमेट नहीं पहना था और सिर पर गंभीर चोट के कारण ही उसकी मौत हुई। इधर युवक की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई है और क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का नौवां संस्करण विद्यार्थियों के लिए उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद को सुनते हुए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने और बेहतर तैयारी के लिए कई उपयोगी टिप्स सीखे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि उत्सव की तरह लें। उन्होंने समय प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को रोजाना अपने कार्यों की योजना बनाने, साथियों के साथ सहयोग बढ़ाने और निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा, एपीसी सूर्योदय सिंह, एडीपीओ गणेश यादव सहित शिक्षक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर एमसीबी डी. राहुल वेंकट द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किस आईडी निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता प्रसार करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिले के सभी कृषकों को शीघ्र अपना डिजिटल किस आईडी बनवाना आवश्यक है ।

### वजन त्यौहार में किया जाएगा कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, सुपोषण दूत लेंगे गोद

# सरगुजा में कम नहीं हो रहा कुपोषण का आंकड़ा, अब पायलेट प्रोजेक्ट के तहत चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शासन प्रशासन के की तमाम कोशिशों के बाद भी आदिवासी अंचल में कुपोषण के स्तर में गिरावट नहीं आ रही है। अभी भी जिले में कुपोषण का दर 12 प्रतिशत के उपर बना हुआ है जो चिंता का विषय है। ऐसे में अब विभाग द्वारा एक बार फिर से सुपोषण अभियान चलाने के साथ ही लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा सुपोषण दूत का चयन किया जाएगा को इस अभियान में विभाग की मदद करेंगे। इसके लिए प्रथम चरण में प्रदेश के आठ जिलों में सरगुजा संभाग के चार जिलों का भी चयन किया गया है।

कुपोषण के खिलाफ देशभर में लड़ाई जारी है। कुपोषण एक ऐसा दंश है जो लोगों के जीवन में परेशानी लेकर आता है। कुपोषित बच्चों को भविष्य में अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि शासन और विभाग द्वारा लगातार योजनाएं चलाकर कुपोषण को कम करने का रयास किया जा रहा है लेकिन सरगुजा सम्भाग में कुपोषण का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है और इसी तरह की स्थिति बस्तर में भी बनी हुई है। यही वजह है कि अब शासन द्वारा कुपोषण से लड़ाई के लिए सरगुजा और बस्तर संभाग के आठ जिलों को प्रथम चरण में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिलों में सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर और जशपुर जिले में कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण दूत का चयन किया जाएगा। सुपोषण दूत और स्वयं सहायता समूह के लोग 10-10 कुपोषित बच्चों को गोद लेंगे और छह माह तक उनके पोषण का ध्यान रखेंगे। छह माह बाद विभाग द्वारा एक बार फिर से उन बच्चों का आंकलन किया जाएगा और यदि बच्चे कुपोषण से बाहर आते है तो प्रति पोषित बचा 18 सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस हेतु सुपोषण दूत और समूह के चयन का कार्य हो चुका है और जल्द ही संभाग स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसक बाद यह प्रक्रिया शुरू होगी।




### 9 फरवरी से चलेगा वजन त्यौहार

बताया जा रहा है कि सरगुजा में 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार चलाया जाएगा जिसमें शून्य से छह माह तक के बच्चों का वजन, उंचाई, लम्बाई नामपर कुपोषण का आंकडा तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान के तहत पोषण स्तर के आंकलन और कुपोषण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं व किशोरी बालिकाओं में एनीमिया जांच, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का काम किया जाएगा। यह अभियान सरगुजा जिले के सभी 2532 आंगनबाड़ी में चलाया जाएगा। कुपोषण का आंकडा तैयार होने के बाद रणनीति बनाकर इसमें कमी लाने के लिए अभियान चलाए जाने की बात कही जा रही है।

### सरगुजा में 80 हजार बच्चे

महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार सरगुजा जिले में शून्य से छह साल के बच्चों की संख्या 79 हजार 662 है। इसके साथ ही जिले में वजन के हिसाब से कुपोषण का स्तर 12 प्रतिशत पर चल रहा है। हालांकि अधिकारी इस वर्ष वजन त्यौहार के बाद कुपोषण से जड़े आंकड़े सामने आने की बात कह रहे है लेकिन बताया जा रहा है कि जिले में 5281 कुपोषित बच्चे है जिनके प्रतिदिन अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा जबकि गर्भवती महिलाओं की संख्या 5498 है जिनके अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जायेगा।

### चलाया जाएगा अभियान

कुपोषण के खिलाफ अभियान जारी है। अभी 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार मनाया जाएगा। सरगुजा संभाग के चार जिलों का चयन पहले चरण में किया गया है। हम पोषण दूत और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से काम करेंगे। इन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया जाएगा। शतप्रतिशत वजन ऊंचाई नापने क्लस्टर बनाया गया है। आंकड़े आने के बाद योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।

**-जगदेव राम प्रधान,** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग

# प्राचार्य ने स्कूल में छात्रा के साथ की छेड़छाड़, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

स्कूल में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। नाबालिग बच्ची के साथ ही दरिंदगी को अंजाम किसी और ने नहीं बल्कि स्कूल के प्राचार्य ने दिया है। जिस प्राचार्य के भरोसे माता पिता अपने बच्चों को स्कूल भेज रहे है उसने बच्ची के साथ स्कूल परिसर के अन्दर ही अमानवीय कृत्य किया है। अब मामले में परिजन की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है जबकि आरोपी प्राचार्य फरार बताया जा रहा है।



- आरोपी प्रचार्य की तलाश में जुटी पुलिस
- जांच के बाद होगी कार्रवाई

बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत शासकीय उमावि बरतीकला में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने स्कूल के प्राचार्य युवधन जायसवाल पर बैड टच का आरोप लगाया है। छात्रा की इस शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया है। छात्रा ने मामले की जानकारी अपने परिजन को दी जिसके बाद परिजन ने इस मामले की शिकायत वाड्रफनगर चौकी पुलिस से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में प्राचार्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है लेकिन इस घटना से स्कूल में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से सवाल खड़े हो गए है और अभिभावकों में भी रोष का माहौल है। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच टीम का गठन किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरगुजा में चल रहा ई सिगरेट का कारोबार, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शहर में ई सिगरेट और चाइनीज चाकू के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में 5 फरवरी को जिला अस्पताल के समीप संचालित अमित मोबाइल और गिफ्ट गैलरी में छापा मारा कर संचालक 35 वर्षीय अमित अग्रवाल आ. सुरेश अग्रवाल के पास से फलेवर लिक्वीड 148 नग किमती 14100 रुपए, 16 नग वेप, ई सिगरेट 2 नग, 12 नग फ्लेवर कुल कीमती 49 हजार 400 रुपए व चाइनीज चाकू 40 नग जब्त किया गया था। वहीं दुसरे मामले में पुलिस ने स्कूल रोड वानीदूत पीसीओ के सामने संचालित सुशील कुमार केशरी के पान ठेला व डेली नीस में छापामारकर संचालक 35 वर्षीय सुशील कुमार केशरी आ. स्व. प्रेमचंद केशरी के पास से इलेक्ट्रानिक सिगरेट का 24 नग रिफिल 960 रुपए, 10 नग फ्लेवर 4 हजार रुपए जब्त किया गया। दोनों प्रकरणों मे आरोपियों द्वारा अपने मोबाइल दुकान एवं डेली नीडस के दुकान में इलेक्ट्रानिक सिगरेट रिफील व फलेवर रखना व बिक्री करना तथा युवाओ के द्वारा इलेक्ट्रानिक सिगरेट का उपयोग करने से लोक स्वास्थ्य पर खतरा होना पाये जाने से ई सिगरेट (उत्पाद, विनिमार्ण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय वितरण, भण्डारण और विज्ञापन प्रतिषेध अधि. 2019 की धारा 7. 8 व बीएनएस की धारा 270, कोटपा एक्ट की धारा 6 ख का घटित करना पाये जाने से मौके पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई साथ ही आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर इस्तगासा पेश किया गया है। इस कार्रवाई में जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, थाना कोतवाली से उनि विजय गुप्ता, सउनि अदीप प्रताप सिंह, अनिल पाण्डेय, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक लालबाबू सिंह सत्येंद्र दुबे, रामशंकर यादव, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, घनश्याम राजवाड़े एवं जिला आबकारी उडनदस्ता टीम सक्रिय रहे।

- भारी मात्रा में ई सिगरेट, फ्लेवर बरामद, मिला चाइनीज चाकू

### युवा पीढ़ी को जागरूक करना आवश्यक : एसएसपी

डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा भावी पीढ़ी को नशे की लत से बचाने एवं ऐसे नशे के विरुद्ध जागरूक करने हेतु मामले को संज्ञान मे लेकर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान प्रमुख प्रधानाचार्य, प्राचार्यो, संचालको एवं छात्र छात्राओं के परिजन-संरक्षको से कहा है कि ई सिगरेट एवं फ्लेवर लिक्विड की लत भावी पीढ़ी को प्रभावित कर रही है, ई सिगरेट से होने वाली हानि के बारे मे हमारी युवा पीढ़ी को जागरूक करना आवश्यक है। युवाओं, छात्र-छात्राओं को सचेत करने नशे की लत से छुटकारा दिलाने के क्रम मे समाज का साथ आवश्यक है ताकि इस प्रतिबन्ध को धरातल पर पूर्ण रूप से लागु किया जा सके।

# एनक्यूएएस, एचआरपी सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर नोटिस जारी



**अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने बलरामपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान जेडी डॉ. शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली, नेक्स्ट जेन पोर्टल, गैर संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम तथा वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए मदवार व्यय की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकृत सभी मरीजों का नियमित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण फॉ लो - अ प अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संयुक्त संचालक ने विकासखंड रामानुजगंज एवं राजपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की प्रगति के संबंध में कारण बताओ नोटिस तथा उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) प्रबंधन में प्रगति ⏭ शेष पेज 2 पर

- संभागीय संयुक्त संचालक ने ली बलरामपुर जिले में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रैक्टर जब्त



**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर नीरनिधि नन्देहा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्यवाही की गई। टीम के द्वारा ग्राम कैलाशपुर में मोरान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 04 ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर चौकी वाड्रफनगर को सुपुर्द किया गया।

### तीन आरोपी अब भी हैं फरार

# करोड़ों के बिजली बिल घोटाले में चार साल बाद दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

चार साल पहले बिजली विभाग में हुए बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले में पांच में से दो आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है जबकि तीन आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। लगभग तीन करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में पुलिस ने एक महीने के भीतर दूसरी गिरफ्तारी की है।

विदित हो कि बिजली विभाग में सन 2019 से 2021 तक विद्युत वितरण केंद्र सीतापुर पेटला एवं मैनपाट में बिजली बिल में हेराफेरी करते हुए करोड़ो रुपए के घोटाले को अंजाम दिया गया था। अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर बिजली बिल के आड़ में 2 करोड़ 94 लाख 29 हजार 4 सौ 82 रुपए की गड़बड़ी की थी। इस बात का खुलासा होने के बाद उच्चाधिकारियों ने विभागीय स्तर पर इस घोटाले की जांच कराई थी। जांच में यह पाया गया कि इस घोटाले को तात्कालिक सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार पन्ना, कार्यालय सहायक गणेश सिंह, अरविंद सागर, लाइनमैन सुनील केरकेट्टा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत खलखो ने मिलकर घोटाले को अंजाम दिया था। विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद करोड़ो रुपए के घोटाले में शामिल इन पांचों के विरुद्ध 19 जनवरी



2021 को थाने में मामला दर्ज कराया गया था। अपराध दर्ज होते ही इस बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले के सभी आरोपी विगत चार सालों से कागजो पर फरार चल रहे थे जबकि इस घोटाले के बाद यहां से हटाए गए सारे आरोपित अधिकारी कर्मचारी विभाग में बकायदे अपनी सेवा दे रहे थे। इसमे से एक सहायक अभियंता कोरिया जिले में जबकि गणेश सिंह बलरामपुर एवं अरविंद जशपुर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कमाल की बात ये है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के चार साल बाद तक करोड़ो रुपये की बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले की फाइल थाने में धूल खाती रही। इन चार सालों में किसी भी पुलिस अधिकारी ने इस घोटाले की फाइल खोलना उचित नहीं समझा। थाने में लंबित प्रकरणों के निपटारे का दबाव के बाद आखिरकार चार साल बाद इस घोटाले की फाइल खुली ।थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने प्रभार संभालते ही पहले इस फ़ाइल को खोला और फाइल खुलते ही इस मामले में चार साल बाद पहली गिरफ्तारी हुई। महीने भर पहले पुलिस ने धारा 120बी एवं 409 के तहत लाइनमैन सुनील कुमार केरकेट्टा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाकी चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।इसी दौरान बिजली बिल घोटाले का एक अन्य आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत खलखो पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसे गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, एएसआई अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक नीरज पांडेय, नेतराम पैंकरा, आरक्षक राकेश यादव शामिल थे। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि करोडों रुपये के बिजली बिल घोटाले में दो आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। बाकी अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### समितियों से धान उठाव का कार्य में तेजी

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एमसीबी जिले में किसानों से उपार्जित धान के उठाव कार्य को प्रशासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऑकड़ों के अनुसार जिले में कुल 877290.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से अब तक 202220.00 क्विंटल धान का उठाव पूर्ण किया जा चुका है। यह कुल उपार्जित धान का 23.05 प्रतिशत है, जो जिले में उठाव कार्य की निरंतर प्रगति को दशार्ता है। निर्धारित परिवहन व्यवस्था के तहत धान को सीधे मिलरों तक भेजा जा रहा है, जिससे भंडारण व्यवस्था संतुलित बनी हुई है और उपार्जन केन्द्रों पर दबाव नहीं बढ़ रहा है।

### खेल मैदान निर्माण में बाधा डालने पर पंचायत सख्त

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत मनवारी में शासन द्वारा स्वीकृत शासकीय खेल मैदान के निर्माण कार्य में अवैध हस्तक्षेप और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। यह खेल मैदान शासकीय भूमि स्टेट भंडार खसरा नंबर 286 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर स्वीकृत है, जहां मनरेगा योजना अंतर्गत कार्य प्रारंभ किया जाना था। कार्य के लिए 170 श्रमिकों का मास्टर रोल जारी किया गया था और 1 फरवरी 2026 को मजदूर कार्य स्थल पर पहुंचे, लेकिन कुछ व्यक्तियों द्वारा मौके पर विवाद उत्पन्न कर कार्य नहीं करने दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबी पति अशोक, संतोषी पति चंद्रलाल, फूलबाई पति लक्षणधारी, सुमारू पति लक्षणधारी, चंद्रलाल पति लक्षणधारी, शुकला पति शिवरतन एवं रनिया पति समारू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा बनाए रखते हुए खेल मैदान निर्माण को रोका गया, जबकि उक्त भूमि पर वर्ष 2003 में केवल तीन वर्षों के लिए खेती के लिए अस्थायी पट्टा दिया गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनक्यूएएस, एचआरपी सहित ...

असंतोषजनक पाए जाने पर विकासखंड शंकरगढ़ तथा एएनसी जांच की संख्या कम पाए जाने पर विकासखंड कुसमी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर होने वाली समस्त प्रविष्टियां संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के आरएचओ तथा सीएचओ द्वारा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में संयुक्त संचालक ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों अंतर्गत उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान, निगरानी एवं समय पर रेफरल, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बाल टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की एवं निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन, कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) उन्मूलन, मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। बैठक में टीबी एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु पृथक एवं लक्ष्य आधारित कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना एवं संचालन की समीक्षा करते हुए जिले में आवश्यकतानुसार नए जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में डॉ. शुक्ला ने सभी अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। संयुक्त संचालक ने समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रखने, आवश्यक औषधियों, उपकरणों एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार लाने के निर्देश भी दिये। डॉ. शुक्ला ने सभी स्वास्थ्य योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिये, जिससे आम नागरिकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। लिए संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला की उपस्थिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशांक गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

सांसद और रेलवे से की गई कई बार मांग, अब तक नहीं सुधरे हालात

# दर्रीटोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं, ग्रामीण परेशान






**बैकुण्ठपुर/बरबसपुर।** एमसीबी जिले के दर्रीटोला रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुए ट्रेनों के ठहराव को लेकर ग्रामीणों और यात्रियों की नाराजगी चरम पर है। महामारी को खत्म हुए चार साल से अधिक हो चुके हैं,लेकिन रेलवे ने अभी तक यहां एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव बहाल नहीं किया है। बरबसपुर स्थित यह स्टेशन करीब 60 साल पुराना है, जिसे जंक्शन के नाम से भी जाना जाता था।

कोरोना से पहले यहां 5 जोड़ी एक्सप्रेस और लोकल पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता था। फिलहाल केवल 4 मेमू ट्रेनों का ही अप-डाउन स्टॉपेज है। विगत वर्ष बैकुंठपुर रोड स्टेशन निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने रेलवे जीएम को ज्ञापन सौंपा था। बाद में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत से रायपुर में मुलाकात कर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग दोहराई गई। दोनों ही स्तरों पर आश्वासन मिला, लेकिन एक साल बाद भी धरातल पर कोई परिणाम नहीं दिख रहा है। नागपुर रोड हाल्ट स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव दिया गया है, लेकिन वहां न तो प्लेटफार्म है और न ही प्रकाश व्यवस्था। दूसरी ओर दर्रीटोला स्टेशन पूरी तरह सुसज्जित है और आबादी वाले क्षेत्र के पास स्थित है। ग्रामीणों को रात में बैकुंठपुर रोड स्टेशन जाने के लिए वाहन नहीं मिलते, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि कोरोना काल से पूर्व की तरह दर्रीटोला स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव तत्काल बहाल किया जाए। यदि मांग पूरी नहीं हुई तो लोग आंदोलन और रेलवे चक्काजाम जैसे कदम उठाने को विवश होंगे।

### स्टेशन हो गया उपेक्षित

कोरोना काल के दौरान बंद हुई ट्रेनों का संचालन पूरे देश में लगभग सामान्य हो चुका है, लेकिन एमसीबी जिले के दर्रीटोला रेलवे स्टेशन पर अब तक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे और जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं, जमीन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कोरोना से पहले 18241/42 दुर्ग-अंबिकापुर, 18755/56 शहडोल-अंबिकापुर जैसी प्रमुख ट्रेनों का नियमित ठहराव दर्रीटोला में होता था। महामारी के बाद इन ट्रेनों को दोबारा शुरू किया गया, लेकिन दर्रीटोला में रूकना बंद कर दिया गया।

### रात में नहीं मिलते वाहन

बरबसपुर एक ग्रामीण इलाका है। यहां उजियारपुर, सोनवर्षा, जगतपुर, नगर, तर्रा, महाराजपुर समेत दर्जनों गांव जुड़े हैं। इन गांवों की कुल आबादी करीब 15 हजार है। यहां के लोग इलाज के लिए रायपुर और बिलासपुर जाते हैं। ट्रेन नहीं रूकने से उन्हें बैकुंठपुर रोड जाना पड़ता है। छात्रों को पढ़ाई के लिए भी परेशानी होती है। व्यापार और आम लोगों के आने-जाने में भी दिक्कते हैं। रात में बैकुंठपुर रोड जाने के लिए साधन नहीं मिलते। प्राइवेट वाहनों को महंगे किराए देने पड़ते हैं। रेलवे ने नागपुर रोड हाल्ट स्टेशन पर स्टापेज दिया है, लेकिन वह सुनसान की इलाका है। वहां प्लेटफार्म सुविधा नहीं है, इसलिए लोगों को उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा, जबकि दर्रीटोला स्टेशन भरी कॉलोनी के पास है और वहां सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

# परीक्षा को जीवन मरण का प्रश्न नहीं बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- पीएम मोदी ने की परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में 6 फरवरी को देश के विद्यार्थियों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा को जीवन मरण का प्रश्न न बनाए, बल्कि इसे उत्सव की तरह मनाएं।

उन्होंने कहा कि अंक ही सब कुछ नहीं होते बल्कि कौशल भी उतने ही जरूरी है, इसके अलावा विद्यार्थियों के प्रश्नों का भी जवाब दिए। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को भी टिप्स दिए। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने सुनने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी किए थे कि उक्त कार्यक्रम को विद्यार्थियों को दिखाने सुनाने की व्यवस्था करें और इसकी जानकारी भी दे। निर्देश के पालन में जिलेभर के विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर सुबह प्रार्थना पश्चात 10 बजे विद्यार्थियों को सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को दिखाया गया।

## मनेन्द्रगढ़ में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में विद्यार्थियों के मानसिक विकास और परीक्षा तनाव को दूर करने के उद्देश्य से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई एक प्रेरणादायक पहल है। इसमें विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े तनाव, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने जाना कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानमंत्री के संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने, नियमित अध्ययन करने और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा मिली। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस पहल को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने परीक्षा को तनावमुक्त होकर देने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## बिजली बचाओ, भविष्य बचाओ विषय पर प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत सीएसपीडीसीएल का आयोजन

छग पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बैकुंठपुर (वृत्त) द्वारा छग रजत महोत्सव 2025-26 के अवसर पर शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में मनाया गया।

कार्यक्रम में डीईओ कोरिया विनोद राय, सहायक संचालक शिक्षा जितेन्द्र गुप्ता एवं छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड वृत्त बैकुंठपुर के अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा, कार्यपालन यंत्री बैकुंठपुर आरपी मिश्रा, सहायक यंत्री परियोजना प्रदीप पैकरा, कनिष्ठ यंत्री बैकुंठपुर केशव चंद्रा, कनिष्ठ यंत्री ग्रामीण चंद्रशेखर साहू एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी तथा कन्या विद्यालय के उप प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्युत ऊर्जा का महत्व, सौर ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा के रूप में उपयोग अक्षय ऊर्जा स्त्रोत, बिजली की उपयोगिता एवं ऊर्जा संरक्षण, अक्षय ऊर्जा ही भारत का भविष्य है एवं बिजली बचाओ भविष्य बचाओ विषयों पर छात्राओं के लिए भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 85 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर प्रथम-स्नेहा खलखो, द्वितीय श्वेता सिंह, तृतीय-गौरी सिंह, हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम कु. वाची लंगोटे, द्वितीय रेखा यादव, तृतीय-प्रीति सिंह, चित्रकला प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर प्रथम आयुस्ता एक्का, द्वितीय-मनीषा खलखो, तृतीय-साधना मिंज हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम राधिका, द्वितीय प्रिया, तृतीय-सुषमा राजवाड़े, क्विंज प्रतियोगिता में प्रथम निमा राजवाड़े, द्वितीय प्रीति, तृतीय उमा एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम मोना पैकरा, द्वितीय रूबी साहू एवं तृतीय आंसू बंजारे रहीं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उन्होंने स्वयं लिया है ।

### दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत, 5 लोग घायल

**रामानुजगंज।** पलटन घाट के समीप गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब घाट समीप मोड़ पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार 5 लोग घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मीड़िया कर्मी नवीन तिवारी (49 वर्ष) पत्नी मधु तिवारी (44 वर्ष) के साथ बनारस से इलाज कराकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही पलटन घाट मोड़ के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा वाड्रफनगर की ओर जा रहे नंद गोपाल तिवारी, बहू सेजल तिवारी (27 वर्ष), बहन दीक्षा (32 वर्ष), एक 4 वर्षीय बालक तथा प्रयागराज निवासी प्रवीण पांडे, शिव शक्ति के कार पलटन घाट के तीखे मोड़ पर पहुंची तभी दोनों कारों की टक्कर हो गई।

## नई लेदरी में युवाओं ने दिखाई खेल प्रतिभा



- रेणुका ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र स्थित सद्भावना स्टेडियम नई लेदरी में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनमें सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। आयोजन के माध्यम से जिले में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने और नई खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल गतिविधियों में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर व खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह, जोश और खेल भावना दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। प्रतियोगिता ने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया तथा उन्हें खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी एमसीबी विनोद जायसवाल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।



## पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी ब्लाक खेलों में चमके

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे हैं। विद्यालय के छात्र आशीष नापित ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में पवन ने प्रथम स्थान तथा दीपक सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही जूनियर फुटबॉल टीम ने विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनकर विद्यालय का नाम ऊंचा किया, इसके अतिरिक्त विद्यालय के विद्यार्थियों ने गर्ल्स कबड्डी, बॉयज कबड्डी, बैडमिंटन (सिंगल्स व डबल्स), फुटबॉल, तथा खो-खो जैसे खेलों में भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया और विद्यालय की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान : 100 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण




**बैकुण्ठपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायपुर द्वारा संचालित एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

इस भ्रमण में जिले के सेजेस खरवत, सेजेस महलपारा, सेजेस चरचा, माध्यमिक शाला ओड़गी एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर के मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर के कुल 100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन कलेक्टर चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक के निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को प्रातः 9 बजे सेजेस खरवत से दिशा-निर्देश एवं शुभकामनाओं के साथ भ्रमण के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने एशिया के सबसे बड़े गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क मनेन्द्रगढ़ का अवलोकन किया।

यह पार्क हसदेव नदी के तट पर लगभग एक किमी क्षेत्र में विस्तृत है, जहां लगभग 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवों के जीवाश्म चट्टानों एवं बोल्डरों में संरक्षित हैं। यह पार्क राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक स्मारक के रूप में अधिसूचित है। पार्क स्थित जुरासिक रॉक गार्डन एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर में विद्यार्थियों को भू-गर्भीय इतिहास, जीवाश्म विज्ञान, पृथ्वी की उत्पत्ति एवं पृथ्वी पर जीवन के विकास से संबंधित जानकारी वैज्ञानिक एवं दृश्य माध्यमों से प्रदान की गई, इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने चिरमिरी पोड़ी स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन भी किए। इस भ्रमण में मार्गदर्शक शिक्षकों के रूप में कमल डडसेना, ऋषभ शुक्ला, सुरेन्द्र राजवाड़े, सुजाता बंसरिया, दीपिका चंद्रा एवं राहुल अग्रवाल उपस्थित रहे।

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनाया जाएगा आवास दिवस

**बैकुण्ठपुर।** प्रत्येक वंचित परिवार को पक्के आवास का अधिकार देने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए आवश्यक मदद करने के उद्देश्य से रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस भी मनाया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा 7 फरवरी को रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाए जाने के विस्तृत निर्देश प्रसारित किए गए हैं। शासन के निर्देशों के अनुक्रम में 7 फरवरी को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

ननि चिरमिरी ने खड़े किए हाथ, कर्मियों को कई कठिनाइयों का करना पड़ रहा सामना

# कोरिया नीर में कार्यरत कर्मियों को तीन साल से नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी




कोरिया जिले में स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित कोरिया नीर वाटर प्लांट वाटर एटीएम कुछ अव्यवस्थाओं के साथ अभी भी जनता को स्वच्छ पानी उपलब्ध करा रहा है, किंतु इनमें कार्यरत कर्मियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि लगभग 10 वर्ष पूर्व कोरिया जिले के तत्कालीन कलेक्टर एस प्रकाश ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) एवं सीएसआर मद से अविभाजित कोरिया जिले में नागरिकों को कम कीमत पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 70 कोरिया नीर वॉटर प्यूरीफिकेशन प्लांट्स की स्थापना की थी। आज अधिकांश कोरिया नीर वॉटर प्लांट्स अव्यवस्था और कर्मियों को वेतन न मिलने की वजह से बंद पड़े हैं। कुछ वाटर प्लांट्स जरूर उपयोग में लाए जा रहे हैं, लेकिन बाकियों से एक बूंद पानी भी नहीं मिल पा रहा है। कम कीमत में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की यह महत्वपूर्ण योजना पूर्व में डीएमएफ एवं सीएसआर मद से संचालित की जा रही थी, जिसे बाद में स्थानीय नगरीय निकायों एवं ग्रामीण निकायों को प्रबंधन के लिए सौंप दिया गया। चिरमिरी नगर पालिका निगम क्षेत्र में लगभग 13 कोरिया नीर प्लांट्स स्थापित किए गए थे, जो अब बदहाली की स्थिति में पहुंच चुके हैं। 8 कोरिया नीर प्लांट्स अभी भी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं, किंतु विडंबना यह है कि यहां कार्यरत कोरिया नीर कर्मियों को विगत 3 वर्षों से अब तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके समक्ष भूखों मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

कुछ वर्षों पूर्व तक इन्हें नगर पालिका निगम चिरमिरी के माध्यम से वेतन का भुगतान किया जाता था, किंतु अब निगम ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। वेतन नहीं मिलने के बाद भी ये कर्मचारी इस उम्मीद पर लगातार अपनी सेवाएं देते जा रहे हैं कि उनके पूर्व के बकाया वेतन का भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा, किंतु उनकी यह आशा पूरी होती दिखाई नहीं पड़ रही है। कोरिया नीर कर्मियों ने नगर पालिका निगम से मांग की है कि उनके वेतन का शीघ्र भुगतान करें।

### पता कराता हूं

मैं नगर पालिका निगम कार्यालय से पूछताछ करके ही कुछ कह पाऊंगा कि इन कोरिया नीर कर्मियों के वेतन का भुगतान अब तक क्यों नहीं हो सका है।

**-रामप्रसाद आचला**
आयुक्त नपानि चिरमिरी

### कलेक्टर से चर्चा करूंगा

कोरिया नीर कर्मियों के वेतन भुगतान न हो पाने की बात मेरे संज्ञान में लाई गई है। मैं इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर जल्द ही समस्या का निराकरण करने की कोशिश करूंगा।

**-रामनरेश राय**
महापौर नपानि चिरमिरी

### हैंडपंप तकनीशियन और जल मित्रों का प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा समस्त हैण्डपंप तकनीशियन एवं जल मित्रों के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना (मॉडल जीपीडीपी) विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, जल आपूर्ति व्यवस्था के प्रभावी संचालन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा सरगुजा जिला कार्यकारिणी की घोषणा




**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, अनुराधा गोस्वामी, आनंदी बड़ा एवं गुंजन सिंह, महामंत्री नीलू गुप्ता एवं प्रियंका चौबे, मंत्री चूड़ामणि दास, संध्या जायसवाल, गीता राजवाड़े, अंजना गुप्ता एवं बीना दुबे, कोषाध्यक्ष सरिता जायसवाल, सह कोषाध्यक्ष स्नेहलता गुप्ता, कार्यालय मंत्री गणेश्वरी चौहान, सह कार्यालय मंत्री हेमलता शर्मा, मीडिया प्रभारी रीना भारती को नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीमती बिहाड़े ने महामाया मंडल अध्यक्ष सरस्वी यादव, समलाया – शालिनी सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण – हिरमेन राजवाड़े, लखनपुर- रजनी पैकरा, देवगढ़-अनिमा सिंह, रामगढ़-सरस्वती सिंह, लुंजा-सीमा पैकरा, धौरपुर-रातरानी, परसा-रूपा गुप्ता, दरिमा-अंजती सिंह, कुन्नी- सरस्वती पैकरा, सीतापुर-संतोषी पावले, बतौली-कमलेश्वरी पैकरा, मैनपाट-बबली महंत, राजापुर-दुर्गावती कश्यप एवं नवानगर मंडल अध्यक्ष कौशल्या राजवाड़े को बनाया गया है।

### माइलस्टोन्स स्कूल के वार्षिक खेलकूद स्पर्धा के प्रतिभागी हुए सम्मानित



**अम्बिकापुर।** माइलस्टोन्स स्कूल का वार्षिक खेलकूद उत्सव मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, शैलेश कुमार सिंह, श्रीमती श्वेता गुप्ता, विकास पाण्डेय, शशिकांत जायसवाल, जितेंद्र सोनी, वेदांत तिवारी के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक नृत्य एवं खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय जिस प्रकार कार्य कर रहा है, निश्चित ही आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों की संख्या कई गुना हो जाएगी। प्राचार्य सूरज अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के विकास में स्टाफ समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं तथा बच्चों को तराश कर समाज और देश के विकास में योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के मध्य में श्रीमती मंजूषा भगत एवं हरमिंदर सिंह टिन्नी, शैलेष कुमार सिंह शैलू एवं अन्य अतिथियों ने खेल गतिविधियों में भागीदारी करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, श्रीमती कौशल्या देवी एवं रिया अग्रवाल, आशी अग्रवाल सहित स्कूल की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### साई कॉलेज में हुई पोस्टर, निबंध ओर वाद-विवाद प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय दिव्यांगता सशक्तीकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जहां दिव्यांगता के अवसर को दिखाया तो वहीं दिव्यांगों के लिए समाज का आह्वान भी किया। दिव्यांगता पर आधारित पोस्टर में एबिलिटी और डिसएबिलिटी विषय पर बने पोस्टर ने सभी को विभोर कर दिया। प्रतियोगिता के पोस्टर में एक ओर जहां दिव्यांगों को पीड़ा, अवसर की चाहत दिखी तो दूसरी ओर समाज के सहयोग और युवाओं ने उनके आंसुओं को पोछने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि आप अशक्त को सशक्त बनाने में सहयोग करें। दिव्यांगों के साथ सहयोगात्मक रवैया ही समाज को साथ-साथ एक मंच पर लायेगा।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण



**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 8 फरवरी रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ.संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ.विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

जलजीवन मिशन का निर्माण होने के बावजूद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

# दूरस्थ क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल बना सपना

**हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।**

बीहड़ों के बीच बसी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने क्रेडा को जिम्मेदारी सौंप दी है। क्रेडा ने इन संकटग्रस्त गांवों में सोलर सिस्टम लगाकर योजना पूरी करने की खानापूर्ति कर दी है। हालत यह है कि कहीं एक साल से पानी की आपूर्ति बंद है तो कहीं एक साल बाद भी घर-घर पानी नहीं पहुंच रहा है।

शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने प्रस्तावित गांवों का सर्वे करने के उपरांत शासन को प्रस्ताव भेजा था। स्वीकृति के बाद विभाग द्वारा पिछले तीन सालों से पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य करा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद कई गांवों में आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है वहीं कई गांवों में आपूर्ति प्रारंभ होने का इंतजार किया जा रहा है। विभाग ने योजनान्तर्गत कई ऐसे गांवों का भी चयन किया था जो बीहड़ों के बीच बसे हैं। इन गांवों में विद्युत आपूर्ति की समस्या होने के कारण पीएचई ने ट्यूबवेल खनन एवं पाइप लाइन विस्तार के बाद पानी टंकी एवं सोलर सिस्टम लगाने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंप दी। क्रेडा ने भी सोलर सिस्टम एवं टंकी लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। हालत यह है कि योजना चालू होने के बावजूद कई बस्तियों में अभी तक घर-घर पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है तो कही एक साल से योजना का संचालन ठप पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा इसके निवारण की कोई पहल शुरू नहीं हो सकी है।

**कनेक्शन के अभाव में घर-घर नहीं पहुंच रहा पानी** | **बोर धंसकने के कारण एक साल से आपूर्ति बंद**



### 5 सिस्टम में 1 फेल, 4 चालू

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत सपनादर में लो-वोल्टेज होने के कारण योजना के तहत 5 सोलर टंकी लगाई गई हैं जिसमें भोटीडांड पारा की टंकी का बोर धंसकने के कारण पिछले साल से आपूर्ति बंद है। पेयजल समस्या होते देख ग्राम पंचायत द्वारा कई बार सबमर्सिबल पंप भी लगाया गया लेकिन पानी उपलब्ध नहीं हो सका। शेष तीन टंकियों से पानी की आपूर्ति हो रही है लेकिन कनेक्शन नहीं होने के कारण बमुश्किल 150 घरों तक ही पानी पहुंच रहा है। ग्रामीण पानी टंकी के पास ही पहुंचकर नहाते हैं और पानी भरते हैं। ग्राम पंचायत की अन्य बस्तियों के लिए 2 अतिरिक्त पानी टंकी प्रस्तावित है जिसे लेकर पीएचई एवं क्रेडा के बीच समन्वय की कमी लोगों के आक्रोश का कारण बन रही है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

कुछ गांवों में लगे सोलर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने की जानकारी मिली है। इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सुधार कार्य कराया जाएगा।

**गणेश साहू,** संभाग प्रभारी, क्रेडा

# केतकी खदान में ग्रामीणों का धरना समाप्त



**हरिभूमि न्यूज मानीचौक**

केतकी खदान के मुख्य द्वार पर ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को सुबह 6 बजे से मुख्य द्वार को बंद कर पूरे दिन धरना प्रदर्शन किए,धरने की सूचना मिलते ही एसईसीएल के प्रभारी सहक्षेत्र प्रबंधक जी.एस. ठाकूर, खान प्रबंधक विनम्र जैन, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेन्द्र नारायण एवं गैनवेल कंपनी के अधिकारी धरनास्थल पहुंच आंदोलन कर रहे ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों के साथ बातचीत कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभाला। और प्रारंभिक चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाएगा।

- एसडीएम की मौजूदगी में रोजगार व पर्यावरण पर बनी सहमति

इसी क्रम में शाम 4 बजे केतकी हाईस्कूल ग्राउंड में अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) शिवानी जायसवाल एवं तहसीलदार की उपस्थिति में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। एसडीएम के नेतृत्व में हुई बैठक में ग्रामीणों की मांगों पर बिंदुवार चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों खदानों में ठेका श्रमिक के रूप में तीस तीस व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से नाम सूचीबद्ध कर रोटेशन के आधार पर कार्य दिया जाएगा। इस संबंध में 16 फरवरी तक गायत्री एवं केतकी खदान में कार्यरत ठेकेदारों से चर्चा कर रोजगार सृजन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए यह भी तय किया गया कि धूल की रोकथाम हेतु दिन के दोनों समय नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही खदान से बाहर खेतों की ओर जाने वाले पानी को साफ कर ही छोड़ा जाए, ताकि कोयले के कारण कृषि भूमि बंजर न हो और किसानों को नुकसान न पहुंचे। इसके अलावा अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी खदान प्रबंधन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए धरना एवं हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की गई।

# केन्द्रीय बजट युवा केंद्रित और विकसित भारत की नींव को मजबूती देने वाला


**हरिभूमि न्यूज. राजपुर**

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर शुक्रवार को लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह तथा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान बताया कि यह बजट युवा-केंद्रित, सुधारोन्मुख और विकसित भारत की नींव को और मजबूत करने वाला है।

बजट में सरकार ने तीन पवित्र कर्तव्य तय किए हैं जिसमें उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर तेज व टिकाऊ आर्थिक विकास, आम जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति कर उन्हें समृद्धि का भागीदार बनाना तथा सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करना शामिल है। बजट में वित्तीय अनुशासन के साथ विकास निवेश का संतुलन दिखता है। वर्ष 2026-27 में वित्तीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखने का लक्ष्य तय किया गया है। 12.2 लाख करोड़ के सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और टियर-2 व टियर-3 शहरों का विकास होगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड और आत्मनिर्भर भारत फंड का विस्तार किया गया है। शिक्षा, स्किल और सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि एजुकेशन-एम्प्लॉयमेंट-इंटरप्राइजेज मॉडल से पढ़ाई को उद्योग की मांग से जोड़ा जाएगा। कृषि क्षेत्र में भारत विस्तार, फसल विविधीकरण और मत्स्य विकास से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण उद्यमिता को बल मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए शी-मार्ट, सामाजिक समावेशन के लिए मानसिक स्वास्थ्य व आपातकालीन सेवाओं का विस्तार तथा व्यापार सुगमता के लिए नया आयकर कानून 2025 को ऐतिहासिक बताया गया। इस दौरान विनय भगत, धर्म सिंह, रवि प्रताप मरावी, जगवंशी यादव, जितेंद्र जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, उदय यादव, अनिल तिवारी, मनोज बंसल, बबलू यादव, संतोष तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# पीएमश्री सेजेस जयनगर में सांस्कृतिक प्रदर्शनी



**बिश्रामपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को पीएमश्री सेजेस जयनगर में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया,कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पुष्पा राय एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और टीम भावना का विकास करती हैं,सांस्कृतिक प्रदर्शनी अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा कला, संस्कृति, नृत्य, नाटक, गायन, चित्रकला, प्रदर्शनी, विज्ञान, सामाजिक विषयों एवं नवाचार से संबंधित मॉडल एवं प्रदर्शनों को प्रस्तुत किया गया, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया,विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियां दी,इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।,कार्यक्रम में वीरेन्द्र जायसवाल, नेहा सिंह, सुनैना जायसवाल,अमृता सिंह, शशिशेखर शर्मा, खूबचंद राजवाड़े, मोनिका मलिक,पार्वती यादव, नेहा पांडेय, श्वेता सिंह, सुजाता पांडेय, प्रीति द्विवेदी, स्मृति श्रीवास्तव, रवि प्रकाश, अंकिता झा, निशा तिवारी, अंजली यादव,अवधेश राजवाड़े, नितिशा, विनिता, ममता पटेल व अन्य सक्रिय रहे।

# रविन्द्रनगर पंचायत में हुए निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार होने की शिकायत पर पहुंचा जांच दल

**बिश्रामपुर।** ग्राम रविन्द्रनगर में विकास कार्यों को लेकर उठा विवाद अब भी नहीं थमा है,पंचायत भवन रविन्द्रनगर में 6 फरवरी शुक्रवार को जांच अधिकारी के समक्ष तैयार किए गए पंचनामा ने पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं,पंचायत के दर्जन भर निर्वाचित पंचों ने एकजुट होकर सड़क निर्माण,वित्तीय पारदर्शिता और सरपंच सचिव की भूमिका पर तीखे आरोप लगाए हैं,गौरतलब है कि ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में सरपंच व सचिव के खिलाफ उपसरपंच की अगुवाई में दर्जन भर वार्ड पंचों ने कुछ महीने पहले ही सूरजपुर कलेक्टर,जिला पंचायत व जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया था,इसी तारतम्य में अधिकारियों के निर्देश पर जांच अधिकारी नर्बदा सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा पंचायत में पहुंचकर जांच पंचनामा की कार्यवाही की गई,जांच पंचनामा में उपस्थित आरोप लगाने वाले उपसरपंच के अलावा दर्जनभर वार्ड पंचों के अनुसार पीडीएस भवन एवं नेक्सा गोदाम से दीपक राय के निवास तक सड़क निर्माण कार्य मनमाने ढंग से प्रारंभ कर दिया गया,न तो ग्राम पंचायत की बैठक में इस पर चर्चा हुई, न ही पंचों से किसी प्रकार की सहमति ली गई,गौरतलब है कि पंचायत अधिनियम के तहत विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को शामिल करना अनिवार्य है,लेकिन यहां नियमों की खुली अनदेखी की गई।पंचनामा में सबसे गंभीर आरोप सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगाए गए हैं। बताया गया कि सीमेंट-कांक्रीट रोड निर्माण के कुछ ही समय बाद गिट्टी उखड़ने लगी है। सड़क पर पानी की तराई तक नहीं की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित निर्माण एजेंसी गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह लापरवाह रहे हैं,पंचों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत सचिव द्वारा बैठकों में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की जाती,विकास कार्यों,भुगतान और योजनाओं की स्थिति को लेकर कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाता। पंचनामा में एक और चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है,पंचों का दावा है कि ग्राम पंचायत गठन की तिथि से आज तक कोरम पूरा हुए बिना ही पंचायत निधि से कई लाख रुपये की राशि का आहरण कर लिया गया है।



### राधा-कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर कलश यात्रा

**बैकुण्ठपुर।** प्रेमाबाग स्थित नवनिर्मित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर गुरूवार 5 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा राधे-राधे परिवार के तत्वावधान में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल हैं। इस दौरान देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे समेत शहर के गणमान्य नागरिक एवं राधे-राधे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है। कलश यात्रा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के समापन अवसर पर 7 फरवरी शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

न्यूनतम पारा में 3 डिग्री गिरावट, 2 डिग्री गिरा दिन का

# उत्तर की सर्द हवाओं ने फिर बढ़ाई कंपकपी

**हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर**

लम्बी राहत के बाद एक बार फिर उत्तर की हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। हालांकि मौसम विज्ञानी शुक्रवार की रात उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के बाद सर्द हवाओं का प्रवाह थमने एवं दो दिन बाद तापमान में क्रमशः वृद्धि होने से ठंड से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

उत्तर भारत में 20 दिसम्बर के बाद एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू होते ही तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू हो जा रहा है वहीं विक्षोभ के आगे निकलने पर आसमान साफ होते ही उत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण तापमान गिरकर 10 डिग्री के नीचे पहुंच जा रहा है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन में गर्मी तथा रात में अच्छी ठंड पड़ रही है। फरवरी में वैसे तो पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अधिक रहता है तथा विक्षोभ की आवृत्ति बढ़ जाती है। ऐसे में आगे भी पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले महीने में 20, 25 एवं 30 दिसम्बर को लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए थे जिसके कारण ठंड से कुछ राहत रही। उत्तर भारत में 2 फरवरी एवं 25 फरवरी को सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब आगे निकल गया है तथा आसमान साफ हो गया है। आसमान साफ होने के बाद गुरूवार से उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह एक बार फिर शुरू हो गया है। बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही उत्तर की हवाओं के प्रभाव से एक बार फिर न्यूनतम एवं अधिकतम पारा में गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ गई है। मौसम कार्यालय द्वारा बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो गुरूवार को गिरकर 11.5 एवं शुक्रवार को 8.4 डिग्री पर पहुंच गया है। इसी तरह 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में भी 2 डिग्री की गिरावट हुई है तथा पारा 27.5 डिग्री से गिरकर 25.4 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि शुक्रवार की रात एवं शनिवार को उत्तर भारत में दो नए पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ के सक्रिय होते ही उत्तर की हवाओं का प्रभाव रूक जाएगा तथा तापमान में क्रमशः वृद्धि होगी। मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव के कारण पिछले साल की तुलना में फरवरी अपेक्षाकृत ठंडी है।



